हरिभूमि
# विंध्य भूमि
5
जबलपुर, गुरुवार 18 अप्रैल 2024
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

## खबर संक्षेप

### 7 अपराधियों के विरुद्ध की गई बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही

**सतना।** सतना जिले में शांतिपूर्ण,निष्पक्ष,भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर,प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने जिले के 7 आदतन अपराधियों के विरुद्व संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना सिविल लाइन सतना अंतर्गत पौराणिक टोला निवासी अनिल सिंह उर्फ पिंटू पिता गुरु शरण सिंह उम्र 40वर्ष,अर्जुन नगर पतेरी निवासी बलराम सिंह उर्फ अवधेश सिंह पिता इंद्रपाल सिंह उम्र 26 वर्ष,थाना नागौद अंतर्गत नागौद निवासी अमर यादव पिता अवधकिशोर यादव उम्र 37 वर्ष,थाना कोलगवां सतना अंतर्गत बस स्टैंड निवासी श्यामलाल उर्फ श्यामा चौधरी पिता स्व.रामपति चौधरी उम्र 30 वर्ष,थाना उचेहरा अंतर्गत बिहटा निवासी रावेंद्र नारायण सिंह पटेल पिता ज्वाला सिंह पटेल उम्र 50 वर्ष, छतुरी टोला निवासी कैलाश प्रसाद चौधरी पिता प्रेमलाल चौधरी उम्र 53 वर्ष तथा थाना कोटर अंतर्गत बिहरा निवासी बबलू उर्फ अनिल हरिजन पिता जगन्नाथ हरिजन उम्र 31 वर्ष के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कर संबंधित थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है।आदेश में सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आरोपियों को एक वर्ष तक माह के प्रथम सोमवार को अपनी उपस्थिति थाने में दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 28 निर्वाचन कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन के संबंध में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे 28 निर्वाचन कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी की है। नोटिस का समाधानकारक जवाब 24 घंटे के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर देने के लिये कहा गया है। अन्यथा की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे पीसीओ नागौद बृजेंद्र प्रताप सिंह,पर्यवेक्षक स्नेहलता श्रीवास्तव,प्राथमिक शिक्षक कृष्णा नामदेव,प्राथमिक शिक्षक निशा शुक्ल, फील्ड वर्कर योगेश सिंह,प्राथमिक शिक्षक धनेंद्र पांडेय,सहायक शिक्षक मणिराज सिंह,सहायक ग्रेड 2 पूरन सिंह,प्राथमिक शिक्षक दिनेश कुमार गर्ग,गुरुजी दुर्गादेवी शुक्ला,भृत्य रामप्रसाद कोल,भृत्य आशीष पांडेय, भृत्य मनीष कुमार वनवासी,भृत्य विनय प्रताप सिंह,भृत्य जगदीश कोल,भृत्य संदीप कुमार वर्मा,भृत्य शंखधर द्विवेदी,भृत्य पुष्पेंद्र तिवारी,भृत्य रजनीश सिंह,भृत्य सुरेश वर्मन,चौकीदार रामकिशोर तिवारी,चौकीदार सुंदरलाल वर्मा,हेल्पर रामकृपाल पटेल,श्रमिक कोदूलाल पटेल,स्थाईकर्मी द्वारिका प्रसाद वर्मा,सांड रक्षक महिपाल सिंह और लल्लूदास को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

### भ्रामक जानकारी देने पर दो शासकीय सेवकों को कारण बताओ नोटिस

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार निगम और विनय शंकर मिश्रा को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने के संबंध में भ्रामक जानकारी देने पर कारण बताओ नोटिस जारी की है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि जिला समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार निगम और विनय शंकर मिश्रा की निर्वाचन ड्यूटी निर्वाचन कार्यालय सतना के एमसीएमसी प्रकोष्ठ सतना में लगाई गई थी।


## धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव
## शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह हुआ स्वागत

### भक्तों द्वारा श्रद्धा-भक्ति के साथ राम जन्मोत्सव मनाया गया

सतना। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ इस मौके पर नगर में हिंदू समन्वय पर्व समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। पुराणों के अनुसार श्रीराम का जन्म चैत्र मास के शुक्लपक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में हुआ था।







दोपहर को ठीक 12 बजे राम मंदिरों सहित सभी देवालयों में शंख,घंटा घडिय़ाल की ध्वनि के बीच भगवान श्रीराम के जयकारे के साथ जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ। स्थानीय श्रीराम दरबार,व्यंकटेश मंदिर,सत्यनारायण मंदिर,राम-जानकी मंदिर आदि में भक्तों द्वारा श्रद्धा-भक्ति के साथ राम जन्मोत्सव मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव श्री रामनवमी पर्व पर हिदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री रामनवमी शोभायात्रा के स्वागत एवं प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए संपूर्ण नगर भगवा ध्वज-झालर और आकर्षक साज-सज्जा से सजाया गया था। शोभायात्रा बुधवार की शाम 5 बजे विद्वत आचार्यों के मंत्रोच्चार एवं शंखध्वनि के साथ श्री गुरुद्वारा नानक दरबार परिसर से प्रारंभ हुई। इसके पूर्व संत समाज एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य एवं मनोहारी रथ में विराजमान प्रभु श्रीराम की आरती-पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। संतों के सानिध्य एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति एवं मातृशकति-युवा शक्ति के साथ विशाल ध्वजवाहिनी एवं आकर्षक बैंड बाजा की भक्तिमई धुनों के साथ श्री रामनवमी शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए श्रीराम दरबार मंदिर सुभाष पार्क पहुंची। जहां विशाल मंच में प्रभु श्रीराम एवं शोभायात्रा में चलने वाले सभी झांकियों के दिव्य स्वरूपों की भव्य आरती एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजनों की प्रस्तुति आकर्षक आतिशबाजी एवं प्रसाद वितरण भी किया गया।

### 11 लाख दीपों से जगमग हुई राम की नगरी चित्रकूट

रामनवमी के दिन अयोध्या की तर्ज पर चित्रकूट भी 11 लाख दियों से जगमग हुआ। धर्मनगरी चित्रकूट प्रभु श्रीराम की तपोस्थली रही है। क्योंकि,प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल के साढ़े 11 वर्ष यहां पर व्यतीत किए थे। धर्मनगरी चित्रकूट में रामनवमी के दिन चित्रकूट के साधु संत व मध्यप्रदेश का प्रशासन 11 लाख दीप प्रज्वलित किए। इस बार भी रामनवमी के पर्व के दिन रामघाट,कामतानाथ,भरत घाट,सती अनुसुइया, हनुमानधारा,गुप्त गोदावरी सहित अन्य धार्मिक स्थलों को मिलाकर शाम 7बजे 11लाख दीप प्रज्वलित किए गए। रामनवमी चित्रकूट में रामनवमी का पर्व बेहद खास है। यह वही चित्रकूट है जहां प्रभु श्रीराम,माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वनवास काल के साढ़े ग्यारह वर्ष रुके थे। भाई भरत सब तीर्थ का जल लेकर उनको मनाने आए थे और अयोध्या वापस चलने की बात कही थी लेकिन,प्रभु श्रीराम ने भाई भरत को अयोध्या वापस जाने के लिए मना कर दिया था।तभी भाई भरत प्रभु श्रीराम की खड़ाऊ लेकर वापस अयोध्या निकल गए और अपने साथ लिए सभी तीर्थों के जल को भरतकूप में बने एक कुएं में डाल गए। आज भी उस कुएं का जल पीने के लिए भक्त दूर-दूर से आते हैं और अपने साथ उस जल को ले जाते हैं।

## तिलक में आए युवक की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या

सतना

कोलग़वां थाना क्षेत्र के हनुमान नगर नई बस्ती में बीती रात एक युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना उस वक्त हुई जब आरोपी और मृतक यहां पर एक तिलक समारोह में आए थे और आधी रात घर जाते समय वारदात हो गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक 17 और 18 अप्रैल की आधी रात फरियादी बाबी चौधरी पत्नी अमृत लाल चौधरी 34 वर्ष निवासी राजेन्द्रनगर खूंथी गली नं.11थाना सिटी कोतवाली जिला सतना ने रिपोर्ट किया कि मेरे पति के मौसी के लडके मिश्रीलाल सतनामी निवासी नईबस्ती हनुमाननगर के यहाँ बेटे का तिलक का कार्यक्रम था।मैं अपने पति अमृतलाल के साथ कार्यक्रम में शामिल होने नईबस्ती गई थी। कार्यक्रम के बाद खाना खाकर घर जाने के लिये जैसे ही तैयार हुए मेरे पति मोटरसाइकिल में बैठ गये थे तभी पुरानी रंजिश को लेकर आनन्द उर्फ ज्वाय सतनामी एकाएक आकर चाकू से मेरे पति के सीने मे मारने लगा तभी वहीं पर उपस्थित मदन सतनामी बीच बचाव करने लगे तो ज्वाय का पिता मोतीलाल सतनामी व बडे पिता कन्हैयालाल सतनामी मदन के साथ मारपीट करने लगे तब मैं भी बीच बचाव करने लगी। मेरे पति को चाकू मारने से पहले आनन्द उर्फ ज्वाय सतनामी,उसका पिता मोतीलाल सतनामी व उसका बडा पिता कन्हैयालाल सतनामी मदन सतनामी से गाली गलौज कर झगडा विवाद कर रहे थे व कह रहे थे कि तू क्यों बीच में पड रहा है।हम तो अमृतलाल को जान से मार देंगे।मोतीलाल सतनामी व कन्हैयालाल सतनामी के कहने पर ही आनन्द उर्फ ज्वाय सतनामी ने मेरे पति अमृतलाल को जान से मारने की नीयत से उनके सीने व पेट,कमर में चाकू से मारकर चोटें पहुँचाई है जिससे मेरे पति का काफी खून बहा है। बीच बचाव में मदन को भी हाथ की अंगुली में चोट आई है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 630/24 धारा 307,294,506,34 आईपीसी क़ायम कर विवेचना दौरान आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



## नवमीं के दिन मैहर में डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया माता के दर्शन



**सतना।** चैत्र नवरात्रि नवमीं के अवसर पर मैहर में मां शारदा मंदिर में चल रहे मेला में बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मैहर पहुंचे। हासिल जानकारी के मुताबिक डेढ लाख से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा शारदा माता की पूजा-आरती की गई। अनुमान है कि रात को पट बंद होने तक डेढ़ से दो लाख भक्त शारदा मां की ड्योढ़ी में हाजिरी लगायेंगे। माता के भक्तों ने मां दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धदात्री की विधिविधान पूजा-अर्चना-आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बुधवार को जहां माता के मंदिर में मन्नत पूरी होने पर चढ़ावा चढ़ाने वालों की भारी भीड़ देखी गयी। वहीं मंदिर प्रांगण से लेकर समूचे मैहर नगर में भक्तों द्वारा जगह-जगह भोग प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। लोगों ने नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन, आरती करने के साथ कन्या भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां सिद्धिदात्री की पूजा व कन्या पूजन के साथ नवरात्रि का समापन-महानवमी नवरात्र का आखिरी दिन होता है। इस दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करने का विधान है।

## गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम







**सतना** आनन्द उर्फ ज्वायरास विमल पिता मोतीलाल सतनामी 22 वर्ष,मोतीलाल सतनामी पिता रामफल सतनामी 50 वर्ष निवासी दोनों निवासी अमिरती थाना धारकुण्डी जिला सतना,और कन्हैयालाल उर्फ के.एल. सिद्धार्थ पिता रामफल सतनामी उम्र 54वर्ष निवासी हनुमान नगर नईबस्ती सतना हैं।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आरोपी ज्वायरास की मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर एमपी 19 एनएफ 5508 जब्त तक कर ली है। हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक सुदीप सोनी थाना प्रभारी कोलगवां,उप निरीक्षक एपी तिवारी,उप निरीक्षक हरिदास तिवारी,सहा.उप निरीक्षक उमेश पाण्डेय,मुकेश सिंह,प्र.आर.बृजेश सिंह,वाजिद खान,अंकित सिंह,सीता शरण,सतेन्द्र चौहान,आरक्षक शिवम तिवारी,उपेश पाठक,राहुल साहू एवं साइबर टीम ने मेहनत की।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

सतना



कोटर थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिक लड़की के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। नाबालिक लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादिया लड़की की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर गृहस्थी का काम करती हूं। 15अप्रैल को शाम करीब 8 बजे अपने घर में खाना खाकर अपनी लड़की संजना के साथ सो गयी तथा मेरे पति,सास,ससुर दूसरे कमरे में सोये थे 16 तारीख सुबह 5 बजे जगी देखी तो मेरी लड़की उम्र 17वर्ष बिस्तर में नही थी। तब मैं सोची कि बाहर गयी होगी करीब 2घंटे तक लड़की का इंतजार की किंतु वापस घर नहीं आयी।तब लड़की कि तलाश आस पास एवं गांव में किया जो नहीं मिली।रिपोर्ट पर थाना में गुम इंसान कायम कर अपराध धारा 363 का अपराध पंजीबद्व कर गुमशुदा की पता तलाश प्रारम्भ की गयी। तलाशी के दौरान लड़की गांव में ही मिल गई। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि गांव का ही दीपक चौधरी मुझे शादी का झांसा देकर ले गया था। जिसने मेरे साथ गलत काम करके मुझे छोड दिया। पहले भी वह मेरे साथ गलत काम किया था एवं बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। मामले की गंम्भीरता को देखकर आरोपी दीपक चौधरी की पता तलाश की गयी। जिससे घटना के संबंध में पूछताछ की गयी जो जुर्म करना स्वीकार किया जिससे आरोपी दीपक चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया जहां से न्यायालय द्वारा आरोपी को केन्द्रीय जेल सतना भेज दिया गया है।

## स्वेच्छाचारिता और लापरवाही पर डाइट प्राचार्य निलंबित

**सतना।** कमिश्नर रीवा संभाग गोपालचंद्र डाड ने अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने के फलस्वरुप जिला प्रशिक्षण संस्थान सतना (डाइट) के प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने स्वछंद कार्यशैली के फलस्वरुप डाइट प्राचार्य डॉ पांडेय को मौखिक रुप से कई बार समझाइस देने के बावजूद भी उनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव कमिश्नर रीवा को भेजा था। कमिश्नर रीवा ने कलेक्टर के प्रस्ताव के अनुसार डॉ सच्चिदानंद पांडेय का कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत पाये जाने के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में डॉ पांडेय का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला सतना नियत किया गया है। कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा डाइट प्राचार्य डॉ पांडेय के निलंबन आदेश में कहा गया है कि प्राचार्य पद पदस्थ रहने के दौरान संस्थान में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं के वार्षिक परीक्षा फॉर्म नहीं भराये जाने पर छात्रों में रोष व्याप्त है।छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्राचार्य द्वारा कम उपस्थिति का हवाला देकर परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित किया गया। जबकि विलंब शुल्क सहित वार्षिक परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2024 नियत रही है।प्राचार्य द्वारा पूर्व में कम उपस्थिति के बारे में न तो कोई लिखित या मौखिक रुप से सूचित किया गया। डाइट सतना में पदस्थ संस्थान के सेवानिवृत्त कर्मचारी साकेत कुमार गौतम और साधना खरे के अंतिम भुगतान के प्रकरण भी सेवानिवृत्ति के बाद भी 6 माह से 1 वर्ष की अवधि होने के बाद तक लंबित हैं। इसी प्रकार डाइट सतना में पदस्थ कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृत के अभाव में वेतन रोकने, समयमान वेतन के सक्षम स्तर से स्वीकृत होने के उपरांत भी इसका लाभ नहीं देने से संस्थान के तीन व्याख्यता सहित दो लिपिक और दो भृत्य संवर्ग के कर्मचारी प्रताड़ित हो रहे हैं। संस्थान के पूर्व कनिष्ठ व्याख्यता हरिशंकर चौरसिया को सतना से छतरपुर के लिये कार्यमुक्त होने के बाद भी उनका नोड्यूज प्रमाण पत्र,सेवा पुस्तिका,जीपीएफ,पासबुक,एवं कर्मचारी डाटा एलपीसी नहीं भेजने पर उन्हें चार माह से वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है। डॉ पांडेय के इस कृत्य से संस्थान में सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वत्वों का निराकरण समय पर नहीं करने और डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के मुख्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने से प्राचार्य डॉ पांडेय के खिलाफ रोष व्याप्त है तथा विभाग की छवि भी धूमिल हो रही है। स्थानीय समाचार पत्रों में खबरे प्रकाशित होने और शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा कई बार डाइट प्राचार्य डॉ पांडेय को समझाइस देने के बावजूद उनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ। कमिश्नर रीवा संभाग ने इस आधार पर प्राचार्य डॉ पांडेय को सौंपे गये कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति अनुशासनहीनता और उनके कृत्यों को कदाचरण की श्रेणी में मानते हुये तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## दरभंगा आश्रम के पास ऑटो पेड़ से टकराया आठ लोग घायल



**सतना।** धारकुण्डी थाना क्षेत्र के सरभंगा आश्रम मोड़ के समीप एक ऑटो पेड़ से टकराया टकरा गया इस घटना में ऑटो में सवार आठ लोग घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि मोड में अचानक ऑटोचालक ने नियंत्रण खो दिया। जिसकी वजह से ऑटो पेड़ से टकरा गया। घटना में ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

## कलेक्टर ने जिम्मेवार अधिकारियों को जारी किये नोटिस

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले में चल रहे गेहूं खरीदी केंद्रों में निरीक्षण के दौरान अनियमिततायें प्रकाश में आने पर जिला आपूर्ति अधिकारी,उपायुक्त सहकारिता,जिला प्रबंधक राज्य आपूर्ति निगम,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक और जिला विपणन अधिकारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप द्वारा नागौद क्षेत्र के 5 उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपार्जन कार्य में अनियमितता पाई गई हैं। उप संचा.कृषि के प्रतिवेदन अनुसार कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता,जिला प्रबंध नागरिक आपूर्ति निगम,सीईओ केंद्रीय सह.बैंक और जिला विपणन अधिकारी से उपार्जन कार्य में हो रही अनियमितता के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

### नापतौल निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने उपार्जन केंद्रों में निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र में तौलकांटो का सत्यापन नहीं मिलने पर नापतौल विभाग के निरीक्षक दीपक गौंड़ को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री वर्मा ने जारी नोटिस में कहा है कि निरीक्षण के दौरान एक भी खरीदी केंद्र में उपयोग हो रहे तौलकांटो का सत्यापन नहीं पाया गया है तथा खरीदी केंद्रों के तौलकांटों में एक ही बोरी को अलग-अलग कांटो में तौल करने पर वजन की मात्रा में भिन्नता पाई गई है।

**विधि प्रकोष्ठ में न्यायालयीन प्रकरणों की जिम्मेदारी तो फिर अलग-अलग जगह से प्राचार्यों को दायित्व निभाने के लिये आखिर क्यों दी जाती है जिम्मेदारी**

# शिक्षा विभाग आये दिन सुर्खियों में अलग ही अंदाज में

जिले में शिक्षा विभाग कई बार अलग ही अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोरता है विधि संबंधी मामले अधिकतर न्यायालयीन प्रक्रिया को लेकर कई प्रकरणों में जहां विधि प्रकोष्ठ या शिक्षा विभाग के मुखिया की सोच ही सामने आ जाती है वहीं विधि के मामलों में विधि के जानकार शिक्षा प्रकोष्ठ के दायित्व निभाने को लेकर जब जिम्मेदारी होती है तो फिर जिले में कहीं गुनौर तो कहीं पन्ना के अलग-अलग प्राचार्यों या बीओ आदि को उच्च न्यायालय में प्रकरणों को लेकर न्यायालयीन प्रक्रिया के लिये जिम्मेदारी क्यों ? यह तो विभाग प्रमुख ही स्वयं दे सकते है जवाब।

**पन्ना।** आखिर कई बार ऐसे हालात स्वयं ही सुर्खियां बटोरते है जहां न्यायालयीन प्रकरणों को लेकर भी विभाग अपनी जिम्मेदारी को लेकर सहज ही जनचर्चा का विषय बन जाता है। ऐसी ही दास्तां कुछ समय पहले एक मामले में शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री मनहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती भारती खरे को कारण बताओ नोटिस जारी होना मीडिया की सुर्खियों में आ गया। उच्च न्यायालय के प्रकरण में जवाबदावा को लेकर कार्यवाही का दायित्व निभाने को लेकर जहां उन्हें जिम्मेदारी को लेकर बात कहीं गई लोक शिक्षण संचालक सागर संभाग द्वारा यह नोटिस कारण बताओ जारी किये जाने की बात जनचर्चा का विषय बन गई। आखिर जिले में शिक्षा विभाग में विधि प्रकोष्ठ को लेकर जहां शक्ति सिंह गौतम उच्चतर माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बृजपुर को दायित्व के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना विधि प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी भी दी गई है। आखिर मामला चाहे जो हो पर जिले में जहां विधि से संबंधित मामलों के निराकरण को लेकर स्वयं शिक्षा विभाग की दास्तां अलग ही सुर्खियां बटोरती है। आखिर विधि से संबंधित मामले विभाग में जो




भी होते है उनके लिये ही विधि प्रकोष्ठ को लेकर यहां विभाग में दायित्व निर्वाहन की जिम्मेदारी होती है तो फिर अलग-अलग पन्ना हो या गुनौर या अन्य जगह की बात करें जहां उच्च न्यायालय हो या अन्य न्यायालय की बात करें प्रकरणों के निराकरण को लेकर विधि विभाग के जिम्मेदारी के निर्वाहन को लेकर उचित कब माना जायेगा। या यह पोस्ट का निर्धारण जो किया गया है आखिर क्यों फिर वहीं सवाल उठता है। जहां प्राचार्यों के ऊपर कई तरह के दायित्व निर्वाहन को लेकर जिम्मेदारी होती है आखिर समय निर्वाचन का हो या परीक्षा संबंधी कार्यों का उसी समय माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरणों की कार्यवाही में आगे दायित्व निभाने के लिये इन परिस्थितियों के चलते क्या शिक्षा विभाग के जिम्मेदार विभाग प्रमुख विधि प्रकोष्ठ को लेकर जो जिम्मेदारी तय होती है क्या इस पर गौर करना लाजमी नहीं। मामला चाहे जो हो विभाग में आये दिन अलग ही अंदाज स्वयं चर्चा में मीडिया के माध्यम से सुर्खियां बटोरने को लेकर जाना जाता है। आखिर जहां भविष्य में भी विधि संबंधी मामले घ्क्या इसी तरह समूचे जिले में विधि प्रकोष्ठ से भले ही जिम्मेदारी तय होती है पर जिम्मेदारी किसी और पर मढती रही जायेगी यह तो विभाग प्रमुख ही दे सकते है जवाब। चूंकि मामला न्यायालीन प्रकरणों से जुड़े होते है जहां विभाग की छवि व दायित्व भी विभाग प्रमुख के लिये ही जिम्मेदारी के रूप में ही जानी जाती है व्यवस्थाओं को लेकर विभाग में दायित्व निर्वाहन को लेकर व्यवस्था शासन के द्वारा बनायी जाती है व शासन के माध्यम से आगे क्रियान्वयन की जिम्मेदारी विभाग प्रमुख की होती है। जो स्वयं ही विभाग को किस तरह से आगे ले जाना है यह तो विभाग प्रमुख का दायित्व।

**खबर संक्षेप**



## देवेन्द्रनगर में रामललाजी के दर्शन के लिये उमड़ा जनसमुदाय



**देवेन्द्रनगर।** देवेन्द्रनगर वासियों एवं श्रद्वालूओ में जमकर उत्साह रहा धर्मप्रेमी बंधूओं द्वारा चैत्र नवरात्रि के प्रारंभ होते ही प्रथम दिन से नगर में युंवाओं द्वारा राममंदिर से दो पहिया वाहन रैली निकाल कर धर्मजागरण का कार्यप्रारंभ कर दिया था वही धार्मिक आस्था के प्रतीक के रुप में चर्चित होते जा रहे बुन्देलखण्ड के देवेन्द्रनगर में रामनवमी के चल समारोह नें जिले की तहसील स्तर पर सबसे बड़ी शोभायात्रा नगर में निकाली गई। इस शोभायात्रा में सर्वधर्म संप्रदाय के लोग सम्मिलित रहे दोपहर 12 बजे स्थानीय श्रीराम मंदिर सतना रोड में रामजन्मोत्सव के बाद प्रारंभ हुई। भव्य शोभायात्रा हजारों श्रध्दालुओं के लिये आकर्षण का केन्द्र बनी रही। सप्ताह पूर्व से ही इस भव्य शोभायात्रा की मुख्य कर्ताधर्ता श्रीराम मंदिर जन सेवा समिति द्वारा भव्य राम मंदिर की सजावट कराई गई एवं गगनचुंबी आतिशवाजी से भगवान श्री राम का जन्मोसव मनाया एवं भव्य रथ यात्रा में डी.जे. की धुनों पर भगवान श्रीराम, जी की लोकप्रिय गीतों की धुनों पर अलग-अलग टोलियाँ थिरक रही थीं। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी महिला श्रध्दालु शोभायात्रा में सम्मिलित हुईं। शोभायात्रा में शामिल हजारों श्रध्दालु जय श्री राम के नारे लगा रहे थे तथा रामभक्तों का नगर में विभिन्न स्थानों पर नाश्ते के पैकेट, जलजीरा, शरबत, बिस्किट, चाकलेट व फलों का वितरण एवम की व्यवस्था कर जोरदार आत्मीय स्वागत किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा किये गये सुरक्षा के चैकस इंतजामों के चलते बगैर किसी विध्न बाधा के निकली।शोभायात्रा में शामिल बग्घी, घोड़े, डी.जे. लोगों का आकर्षण का केन्द्र रहे। बीजेपी कार्यालय के सामने सोभा यात्रा का आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया शोभायात्रा में शामिल श्री श्रीराम मंदिर समिति के समस्त सदस्य द्वारा समस्त नगर वासियों व ग्राम वासियों को रामनवमी की शुभकामनाये देवेन्द्रनगर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ एवं नगर के थाना प्रभारी अनूप यादव अपनी टीम के साथ चाक चैबंद व्यव्स्था पर नजर आए इस मौके पर गुनौर विधायक राजेश वर्मा,शिवदयाल बागरी पूर्व विधायक, मंडल अध्यक्ष हीरा जी पटेल पार्टी के सभी वरिष्ठ एवम कनिष्ठ सदस्य वा समिति के सभी सदस्य वा श्रद्धालु सहित नगर के पत्रकारगण पैदल मार्च करते रहे नजर आए वही श्रीराम शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री राम मंदिर में पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ।

## देश के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार मोदी जी को जिम्मेदारी की बात खजुराहो प्रत्याशी बी.डी. शर्मा मीडिया से बयां की

### खजुराहो लोकसभा में जहां बी.डी. शर्मा को अपार बहुमत से रिकार्ड जीत की उम्मीद को लेकर बनी उम्मीद अब विकास को लेकर भी जनता की ओर से मीडिया पहले से ही जिम्मेदारी के रूप में जानना चाहती है क्या निभाया जायेगा दायित्व




**पन्ना।** देश में लोकसभा चुनाव का रंग जैसे-जैसे मतदान का समय करीब आता जाता है वह चढता जा रहा है पारा आज जिला मुख्यालय के सिमरिया कस्बे में खजुराहो लोकसभा से प्रत्याशी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बी.डी. शर्मा जो स्वयं मीडिया से रूबरू होकर सवालों का जवाब दे रहे थे तभीर आपने देश के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी जी को जिम्मेदारी देने की बात देश की आम जनता की ओर से मानते हुये बयां की। वहीं स्थानीय मीडिया ने जहां सवाल के रूप में दागते हुये खजुराहो लोकसभा के प्रत्याशी बी.डी. शर्मा से पूंछा आखिर आप जहां खजुराहो लोकसभा से आगे रिकार्ड के रूप में जीत दर्ज करने के बाद क्या जिम्मेदारी निभायेंगे विकास को लेकर तो यहां मीडिया अब जिले में विकास को लेकर बी.डी. शर्मा से पहले से ही जिम्मेदारी जानना चाहती है वहीं इस कार्यकाल की बात करें तो खजुराहो सांसद के रूप में जो समय बीता वह कुछ खास नहीं रहा क्योंकि आपके पास संपूर्ण प्रदेश के जिम्मेदारी थी वहीं तरह-तरह से घटनाक्रम राजनीति को लेकर जुड़े रहे। अबकी बारी एक बड़ी जिम्मेदारी विकास को लेकर जहां मीडिया ने पहले से ही जागरूकता के साथ खजुराहो सांसद से पहले से ही जानने की कोशिश की आखिर पन्ना जिला को जहां खजुराहो लोकसभा का मुख्यालय माना जाता है फिर भी पड़ोसी जिलों से विकास को लेकर पीछे है बड़ी सौगात के रूप में क्या जिम्मेदारी तय की जायेगी। गौरतलब बात यह है कि विधानसभा चुनाव में भी पन्ना जिले से जहां तीनों सीटें विधानसभा की भाजपा की झोली में गई फिर भी जिले से किसी भी विधायक को मंत्री बनाना तक उचित नहीं समझा गया। वहीं पड़ोसी जिले दमोह से जहां दो-दो मंत्री बनाये गये साथ ही बात करें तो चंदला विधानसभा से पहली बार के बने विधायक को जिम्मेदारी दे दी गई पन्ना ने जहां तीनों विधानसभाओं में कमल खिलाया फिर भी पन्ना के हाल में विधायकों को विधायकी तक ही उचित माना अब सांसद से बड़ी उम्मीदें मीडिया ने समय रहते जानना चाहा जो रिकार्ड जीत का दावा करते है वह विकास के वादे को कितना दावे के साथ आगे ले जायेंगे। वक्त के पहले जानने की कोशिश पर बी.डी. शर्मा चतुर खिलाड़ी राजनैतिक दूसरी पारी सांसद के रूप में खेलते हुये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी के साथ देश को विकास की ओर ले जाने की बात कहते हुये मीडिया से नजर आये।

## कचरे की आग से चाय की गुमटी हुई खाक





**पन्ना।** शहर के बीचों बीच स्थित बेनी सागर रोड पोहानी मेडिकल के बगल से कॉम्पलेक्स के पास रखी चाय की गुमटी में कचरे के ढेर से किसी आसमाजिक तत्व ने आग लगा दी यह आग इतनी भड़क गई की पास में रखे चाय की गुमटी में फैल गई जहां गुमटी पूरी तरह से खाक हो गई। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा गुमटी संचालक श्री यादव को दी गई जहां वह जब तक आता है तब तक वह उल्टी पूरी तरीके से जल चुकी होती है स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं फायर बीग्रेड के द्वारा आग पर काबू पाया गया। गरीब की गुमटी जलने से हजारों का सामान जलकर खाक हो गया है इसके पहले भी कचरे के ढेर में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी द्वारा लगाई गई आग से आग भड़क चुकी थी लेकिन नगर पालिका की सफाई कर्मचारियों द्वारा वहां कचरा इकट्ठा करवाया जाता था समय रहते यदि वहां का कचरा उठ जाता तो आज गरीब की गुमटी ना जलती।



## नवरात्री के अंतिम दिन रामनवमी में निकले जवारे

**सलेहा।** नवरात्रि पर्व सनातन धर्म में बहुत ही अधिक महत्व रखता है। नवरात्रि में 9 दिनों तक माता के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इन दिनों और भी कई सारी परंपराओं का पालन किया जाता है। इन्हीं परंपराओं में से एक जवारे बोने की परंपरा है। नवरात्रि के पहले दिन जवारे बोए जाते हैं और नवमी को जवारे का विसर्जन किया जाता है। इस बार 'चैत्र नवरात्रि' पर बोए गए जवारे का विसर्जन चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी और दशमी तिथि को किया जाएगा। नवरात्रि पर्व में जवारे बोने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। नवरात्र में जौ बोने और नौ दिनों के बाद उन्हें विसर्जित करना व्यक्ति का प्रकृति के प्रति समर्पण का प्रतीक है। नवरात्र में जवारों के साथ की जाने वाली घट स्थापना की रीति का विशेष महत्व और विधान है। जौ को ब्रह्मा जी का स्वरूप है। क्योंकि इनके द्वारा ही इसकी उत्पत्ति की गई थी। अनाज में सबसे पहले इसे ही उगाया गया था। जिस कारण जवार को अन्नपूर्णा भी कहा जाता है। साथ ही हर शुभ कार्य में सुख-समृद्धि के लिए जवारे बोए जाते हैं।

# सरेआम गुंडागर्दी फल एवं चाऊमीन स्टॉल में तोड़फोड़ और मारपीट



**पन्ना।** जिले के धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम टिकुरिहा में सरेआम गुंडागर्दी एवं फल चाऊमीन और मोमोज स्टॉल में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामले के संबंध में पीड़ितों के द्वारा धरमपुर थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुर थाना धरमपुर निवासी अजय साहू ग्राम टिकुरिया में फल का ठेला लगाता है, आज जब वह अपना ठेला लगाकर दुकान चल रहा था तभी रिंकू पाठक निवासी बहिरवारा आया और गाली गलौज करने लगा मना करने पर तोड़फोड़ और मारपीट करने लगा बीच बचाव करने पर अगल-बगल के लोगों के चाउमीन एवं मोमोज के स्टॉल में भी तोड़फोड़ की जिसका कुछ लोगों के द्वारा वीडियो बना लिया गया जो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। धरमपुर थाना में फरियादियों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।



## हाई टेंशन विद्युत लाइन से उठी चिंगारियां खेतों में भड़की आग



**पन्ना।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुरा में आज तेज हवा की वजह से 11 हजार केवी विद्युत लाइन के तार आपस में टकराने से उठी चिंगारियां खेतों में गिरने से देखते ही देखते आग भड़क गई, जिससे कई हेक्टेयर में खेतों में भूसा बनाने के लिए गेहूं की कटाई के बाद खड़ी नरवाई में आग भड़क गई, कुछ किसानों के खेतों में कटी रखी गेहूं की फसल भी जल गई है। किसानों के द्वारा तत्काल इसकी सूचना ककरहटी नगर परिषद को दी गई और स्वयं मोटर पंप चलाकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका किसानों ने बताया कि लगभग 2 वर्ष पूर्व इसी प्रकार विद्युत लाइन से उठी चिंगारियों से खेतों में आग लगी थी जिसके बाद किसानों ने विद्युत लाइन के मेंटेनेंस की मांग उठाई थी लेकिन कोई मेंटेनेंस नहीं किया गया बताया गया है कि कहीं बिजली के तार खेतों में झूल रहे हैं तो कहीं खंभे टेढ़े लगे हुए हैं जिससे किसानों, फसलों और उनके पशुओं पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है।

## विद्युत तार से भड़की आग ट्रैक्टर ट्रॉली में लोड गेहूं की फसल जलकर खाक



**पन्ना।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों ग्रामों एवं रास्तों में झूलते बिजली के तारों से आए दिन घटनाएं हो रही है इसके बाद भी विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा मेंटेनेंस नहीं करवाया जा रहा ताजा मामला पन्ना जिले के धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम रतनपुर बरहिरवारा का सामने आया है जहां अपनी कड़ी मेहनत से उगाई गई गेहूं की फसल को पकने के बाद कटवा कर ट्रैक्टर ट्रॉली में लोड कर गहाई करवाने के लिए अपने घर की ओर ले जा रहे नरेंद्र सिंह लोधी के ट्रैक्टर ट्रॉली में लोड गेहूं की फसल में विद्युत तार टच होने की वजह से अचानक आग भड़क गई देखते ही देखते आग की लपटे उठने लगी लोगों के द्वारा मौके पर पहुंचकर किसी तरह आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन जब तक आग बुझाई गई काफी फसल जमकर खाक हो चुकी थी, इस घटना में किसान को काफी नुकसान हुआ है जिससे पूरा परिवार परेशान है ग्रामीणों के द्वारा पीड़ति किसान को आर्थिक सहायता और विद्युत लाइन के मेंटेनेंस की मांग उठाई गई है।

# 3 मामलों में वांछित 5000 रूपये के ईनामी स्थाई वारण्टी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी एवं गिरफ्तारी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है । वरिष्ठ अधिकारियों के उचित दिशा निर्देशन में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमो द्वारा लगातार स्थाई/ गिरफ्तारी वारण्टियों की तलाश पतारसी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा फरार / स्थाई वारण्टियों की सूची तैयार करते हुये वारण्टियों की धड़पकड हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया साथ ही पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से वारण्टियों के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई । मुखबिर सूचना एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा वारण्टी मोहित कुशवाहा पिता रामभुवन कुशवाहा निवासी मडैयन पंचायत इटवांकला चैकी बराछ को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया । वारण्टी उपरोक्त के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा थाना अमानगंज के अप.क्र. 99/24 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट में स्थाई वारण्ट जारी किया गया था । आरोपी थाना अमानगंज के अप.क्र. 521/23 धारा 8/20 एन.पी.एस. एक्ट, 25/27 आम्र्स एक्ट में घटना दिनांक से लगातार फरार था एवं आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में दर्ज अप.क्र. 1052/22 धारा 294,327,323,506,34 भादवि में आरोपी की गिरफ्तार हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा 5 हजार रूपये ईनाम उद्घोषित किया गया था। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उपनिरी महेन्द्र सिंह भदौरिया ,प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, प्र.आर. मुकेश सोनी, आर. तुलसी, महिरबान एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त टीम को उद्घोषित राशि से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।



## भगवान श्री राम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में उमड़ी भक्तों की भीड़



## महाराजा छत्रसाल के वंशज ने पहुंचकर निभाई परंपरा

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल रहा मौजूद**

### भगवान श्री राम मंदिर में हुआ श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम

**पन्ना।** रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण पन्ना में दिन में ठीक 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। यह मंदिर लगभग 300 साल पुराना बताया गया है जहां भगवान श्री राम की शालिग्राम की प्रतिमा स्थापित है। भगवान श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर सदियों पुरानी परंपरा को निभाने के लिए महाराजा छत्रसाल के वंशज महाराजा छत्रसाल द्वितीय के द्वारा पहुंचकर चंवर डुलाई गई। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी रोहित मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। मंदिर प्रांगण में पुजारियों, गणमान्य नागरिकों सहित भगवान श्री राम के हजारों भक्तों की भीड़ देखी गई। इसी के साथ शाम को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा एवं विशाल जुलूस की तैयारी शुरू हो गई हैं।

खबर संक्षेप

## दो दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर सम्पन्न

छतरपुर। नीलांचल प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा 15 एवं 16 अप्रैल को नया मोहल्ला में नईम भाई के बाड़े में दो दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा का निःशुल्क शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 100 लोगों ने हिस्सा लिया तथा दिवा विहीन चिकित्सा का ज्ञान कराया गया। 27 पंजीकृत रोगियों जिसमें बड़ी संख्या में स्त्रियों को चिकित्सा दी गई। इन 27 रोगियों में मधुमेह, रक्तचाप, घुटनों तथा कमर के दर्द, चर्म रोग, दमा, बुखार, लकवा, कब्ज, लीवर में सूजन, अम्ल पित्त, घबराहट, हृदयरोग, सर्वाइकल, माइग्रेन सहित स्त्रियों में प्रदत्त रोगों का उपचार किया गया। सभी रोगियों को भोजन में सुधार, उपवास के लाभ, फुटबाथ, नेती, कुंजल, पट्टियों की लपेट, एनीमा, कटिस्नान, रीड़ स्नान, मिट्टी की पट्टी, पूर्ण मिट्टी स्नान, धूप स्नान, मालिस का लोगों ने लाभ लिया तथा भविष्य में इस स्थान को स्थायी प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र बनाए जाने पर नईम भाई ने सहमति जाहिर की। प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. दिनेश मिश्रा, डॉ. मलखान सिंह, डॉ. राजेन्द्र, डॉ. आरसी खान, डॉ. सब्बीर खान ने अपनी सेवाएं दीं। भोजन व्यवस्था नईम खान की ओर से की गई

## खजुराहो में धूमधाम से मनाई गई रामनवमीं



खजुराहो। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान राम का प्रगतोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में नंदी चौराहे स्थित धार्मिक स्थल पर हवन-पूजन के सुंदरकांड रामायण पाठ सम्पन्न हुआ,इसके बाद धार्मिक आयोजन में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान रामलला की झांकी के साथ डी.जे.पर अलग अलग समूह में नृत्य करते रामभक्तों की टोली चल रही थी। वहीं मोटरसाइकिल पर धर्मध्वज फहराते हुए रामभक्तों के जयकारों से आसमान गुंजायमान हो रहा था शोभायात्रा की शुरुआत पश्चिमी मंदिर समूह प्रांगण स्थित मतंगेश्वर मंदिर के प्रमुख द्वार से प्रारंभ होकर ललगुवां, मंजूरनगर, विद्याधर कालौनी, पुरानी-बस्ती सहित नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में खजुराहो व्यापारी संघ,यशोवर्मन टैक्सी चालक यूनियन,सकल जैन समाज सहित अन्य स्थलों पर भव्य स्वागत दिया गया। रामभक्तों ने उत्साह के साथ गगनभेदी जयकारे लगाए। शोभायात्रा में न.प.अध्यक्ष-पप्पू अवस्थी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि-आशाराम पाल,पार्षद-गौरव सिंह बघेल,नीतेश द्विवेदी,राजीव वाजपेयी, एड.श्यामबाबू त्रिवेदी, सुधीर शर्मा, गोलू यादव, दिनेश गौतम, अवधेश तिवारी, लकी गौतम,राजकुमार गंगेले, एड. वीरेन्द्र तिवारी, संजीव शुक्ला, रामराजा अरजरिया, गोपाल गौतम, परशुराम तिवारी, आनंद चतुर्वेदी खजुराहो व्यापारी संघ की ओर से नरेश सोनी, गौरव अग्रवाल, परमेन्द्र अग्रवाल, कपिल सिंह बुन्देला, रजत अग्रवाल, रिंकू गुप्ता, पिंटू असाटी सहित अन्य व्यापारियों ने शोभायात्रा और रामभक्तों का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल रहे। आयोजन में सी.एम. ओ.नगर परिषद-बसंत चतुर्वेदी की सराहनीय पहल रही।

### अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, चार दिन बाद भी पोस्टमार्टम नहीं हो पाया

# 18 वर्षीय नवविवाहिता ने जहर खाकर जान दी

छतरपुर

छतरपुर के बमीठा थाना क्षेत्र के गंगवाहा गांव की 18 वर्षीय नव विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद उसके जीजा ने महोबा रोड स्थित निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया। हालत पर सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के समय उसकी मौत हो गई।

खास खबर



जानकारी के मुताबिक नवविवाहित महिला कविता पिता रामदरश रजक उम्र 18 वर्ष निवासी बहुआ जिला रीवा की रहने वाली है। एक साल पहले 2023 में उसकी शादी ग्राम चंदेहा रीवा निवासी संजय के साथ हुए थी। शादी के 1 महीने बाद वह अपने मायके पिता के घर ग्राम बहुती रीवा आई थी। तभी उसका जीजा दिनेश ओर उसका छोटा भाई राजेश उसे भगाकर जिला छतरपुर थाना बमीठा के गांव गंगवाहा लेकर आ गए। मायके और ससुराल पक्ष के पक्ष के द्वारा ढूंढने पर दो माह बाद पता चला कि बड़ी बहन ललिता के घर गंगवाहा में कविता रह रही है। उसके बाद पिता रामदरश ओर अन्य 4 लोग गंगवाहा कविता को लेने आए तो बड़ी बेटी का पति दिनेश,देवर राजेश,ससुर बरदानी,सास उषा ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की धमकी देकर कविता को भगा दिया। महिला की मौत 13 अप्रैल को हो गई थी महिला का जीजा अस्पताल में महिला की बॉडी को छोड़ कर घर चला गया था,लड़की के माता पिता को जानकारी नही दी थी, जिस कारण अस्पताल चौकी पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम नही कराया था,दोनों पक्षों के बयान लेने के बाद पुलिस पंचनामा बनाकर महिला का पोस्टमार्टम कराएगी। कविता शिकायत करनी जब रीवा थाना गई। जहां पर पुलिस ने कहा जहां का मामला है वहां जाकर शिकायत करो। फिर कविता बमीठा थाने गई। लेकिन पुलिस ने भी शिकायत दर्ज नहीं की। 13 अप्रैल को महिला का तबियत खराब होने पर उसके जीजा ने महोबा रोड के प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए शाम 5 बजे भर्ती किया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे डॉक्टर ने जिला अस्पताल शाम 6 रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान रात 9 बजे मौत हो गई।

### परिजनों के न होने की वजह से पोस्टमार्टम नहीं

अस्पताल चौकी पुलिस ने परिजनों के बयान लेने के लिए बहुत प्रयास किया लेकिन कोई भी मौके पर नहीं मिला जिसकी वजह से मृतक का पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका। बाद में बॉडी को मर्चुरी में रखवा दिया गया। कविता के पिता रामदरश रजक ने बताया कि मंगलवार की शाम 5 बजे उसे उसे बड़ी बेटी ललिता ने चोरी से फोन पर जानकारी दी की उसके ससुराल वालों ने उसकी छोटी बहन को जहर दे दिया हैं। जिससे उसकी मौत हो गई है। जिसके बाद आज बुधवार की सुबह 7 बजे अपने घर रीवा से वे सभी छतरपुर आए हैं।

## ड्यूटी से लौट रही महिला सुपरवाइजर की एक्सीडेंट में मौत



### सिर पर गहरी चोट लग जाने की वजह से हुई मौत

**छतरपुर** के ईशानगर थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम बाइक दुर्घटना में स्वास्थ्य विभाग की सुपरवाइजर की मौत हो गई। जिसे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मृत्यु की वजह महिला के सिर में गंभीर चोट बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक लोकनाथ पुरम कॉलोनी निवासी 56 वर्षीय सुरेखा पति सुरेश मिश्रा अस्पताल में सुपरवाइजर की नौकरी करती थी। मंगलवार की सुबह 10 बजे सुरेखा अस्पताल ड्यूटी पर गई थी। इसके बाद 11 बजे महिला एनजीओ संचालक अख्तर खान के साथ सुरेखा बाइक से बरद्वाहा गांव में टीकाकरण करने चली गई। वहां से वापस आते समय ईशानगर तिराहा पर बाइक का संतुलन बिगडऩे से महिला गिरकर घायल हो गई। जिसे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। लेकिन महिला के सिर में गंभीर चोट की वजह से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आज दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतिका का पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया। वहीं ईशानगर पुलिस ने एक्सीडेंट से महिला की मौत का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

मृतक के लड़के रजनीश मिश्रा ने बताया कि मेरी मां ईशानगर स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर के पद पर जॉब करती हैं। मंगलवार की सुबह ईशानगर के लिए ड्यूटी पर गई थी। शाम को ड्यूटी स्टाफ के साथ बाइक पर वापस लौटते समय अचानक ईशानगर तिराहे पर बाइक एक्सीडेंट हो गया। जिससे उनके सिर में चोट आ गई। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ समय बाद ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## नगर में निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा, झांकियां रहीं आकर्षण का केन्द्र



भगवा रंग पर नाच उठे युवक

**नौगांव/छतरपुर।** श्री राम जन्मोत्सव को लेकर बुधवार को दोपहर 3 बजे नगर के साहू मोहल्ला से पूजा अर्चना के साथ भगवान श्री राम के सजीव झांकियां एवं रामेश्वरम सहित अयोध्या मंदिर की पूजा अर्चना के साथ विशाल जुलूस का शुभारंभ हुआ। नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया। वहीं नगर में एक सैकड़ा से अधिक जगह पर स्वागत गीत एवं स्वागत का आयोजन किया गया। विशाल शोभा यात्रा में मातृशक्ति की झांकियां अद्भुत रही जहां एक ओर नगर की बेटियां तलवार लेकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थी।

नगर के मुसाफिरखाना चौराहा मोनी बाबा मंदिर देवी गढ़ी में बाजार सैयद ब्रदर चौराहा बस स्टैंड टीवी अस्पताल चौराहा वीरेंद्र कॉलोनी चौराहा नगर पालिका चौराहा कोठी चौराहा ईशानगर रोड आदि से यात्रा गुजरी। शोभा यात्रा में भगवान शंकर के सजीव चित्रण का मंचन किया गया। वही नायक म्यूजिक ग्रुप द्वारा लगातार भगवान प्रभु राम के भजनों की प्रस्तुतियां आकर्षक कर केंद्र रही। कहीं दलदल घोड़ी तो कहीं राम कहानी तो कहीं घोड़े तो कहीं भगवान हनुमान का सजीव चित्रण। भगवान श्री राम की सजीव झांकी के लोगों ने दर्शन किए और आरती करके भगवान श्री राम का स्वागत किया।

## धोखाधड़ी के फरार समिति प्रबंधक का एक और कारनामा उजागर

छतरपुर

महाराजपुर थाने के 420 के एक मामले में फरार मनकारी समिति प्रबंधक रामचरन पटेल का रोज कोई न कोई कारनामा उजागर हो रहा है। पहले जमीन घोटाले में महाराजपुर थाना पुलिस ने धारा 420 का अपराध कायम किया इसके बाद किसानों की ब्याजमाफी का घोटाला उजागर हो गया। अब राशन घोटाला उजागर हुआ है जिसमें एक पीड़ित ने महाराजपुर थाने में लिखित शिकायत कर समिति प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस गरीब की सुनती है या कुवेरपति कहे जाने वाले समिति प्रबंधक पर मेहरवान रहती है यह भी शीघ्र ही पता चल जायेगा।

### क्या है मामला -

ग्रामीणों ने बताया कि सेवा सहकारी समिति मनकारी का प्रभारी समिति प्रबंधक रामचरन पटेल सोमवार को ग्राम गुदारा की उचितमूल्य दुकान में राशन का वितरण कराने गया था जहां इसने राशनकार्डधारियों से मशीन में अंगूठे तो लगवा लिये लेकिन राशन उपलब्ध नहीं कराया जिससे विवाद खड़ा हो गया। विवाद हो जाने पर समिति प्रबंधक रामचरन पटेल द्वारा हितग्राहियों को डराया धमकाया गया तथा कुछ लोगों के साथ मारपीट तक किये जाने की खबर है। इस संबंध में ग्राम गुदारा निवासी गर्जन यादव तनय भूरेलाल यादव ने महाराजपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुये समिति प्रबंधक पर आरोप लगाया है कि उसने मेरे साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है और मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं उपलब्ध कराया है। गर्जन यादव ने पुलिस प्रशासन से इस भ्रष्ट समिति प्रबंधक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

### क्यों नहीं बाटा राशन -

सूत्रों ने बताया कि प्रभारी समिति प्रबंधक पहले ही राशन को ठिकाने लगा चुका है। खानापूर्ति करने के लिये वह गुंडई की दम पर ग्रामीणों से जबरजस्ती मशीन में हस्ताक्षर लगवाता रहा चूंकि माल पहले ही खुर्द-बुर्द हो चुका है इसलिए माल न होने के कारण उसने राशन का वितरण नहीं कराया। ऐसा वह हमेशा करता रहता है।

### शोभायात्रा में भक्ति, शौर्य, सेवा, एकता, उमंग और नृत्य का समावेश

# छतरपुर में निकली रामनवमीं की भव्य शोभायात्रा

### राम मंदिर निर्माण के कारण दोगुना हुआ रामनवमीं का उत्साह



छतरपुर

रामभक्तों के उत्साह के कारण छतरपुर की पहचान बन चुकी श्रीरामनवमीं की शोभायात्रा में इस वर्ष पिछले वर्षों के मुकाबले कई गुना अधिक उत्साह देखने को मिला। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की प्रसन्नता इस शोभायात्रा में भी नजर आयी।

**40 डिग्री तापमान पर भारी पड़े रामभक्तों के तेवर**

भीषण गर्मी और 40 डिग्री तापमान पर रामभक्तों के तेवर भारी पड़ते रहे। लगभग 8 किमी लंबी शोभायात्रा को पूरा होने में 9 घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। हजारों रामभक्त दोपहर एक बजे से लेकर रात 10 बजे तक सड़कों पर नाचते-गाते नजर आए। श्रीराम सेवा समिति के द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में सनातन की एकता, शौर्य, भक्ति, उमंग, नृत्य और सेवा की झलक दिखी। लगभग 30 झांकियों के माध्यम से सनातनियों ने धर्म का संदेश दिया। महापुरूषों के स्वरूपों के माध्यम से अपने गौरवशाली इतिहास को प्रकट किया। शोभायात्रा के सबसे आखिर में भगवान श्रीराम का रथ चल रहा था जिसमें विराजे भगवान के दर्शन के लिए सड़कों पर भी हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब दिन भर खड़ा रहा।

### रामजन्म के बाद शोभायात्रा का हुआ शुभारंभ

गल्लामण्डी स्थित रामचरित मानस मैदान में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म की लीला प्रारंभ हुई। अन्नपूर्णा रामलीला के कलाकारों ने सबसे पहले भगवान विष्णु के अवतारों की लीला का मंचन किया और इसके बाद भगवान राम के जन्म की लीला का मंचन होते ही यहां बधाई गीत बजने लगे, श्रीराम के जयकारे लगने लगे। जैसे ही एक बालक के रूप में कलाकारों ने भगवान राम के दर्शन श्रद्धालुओं को कराए तो रामचरित मानस मैदान में बैठे हजारों श्रद्धालु नाच उठे। यहां मप्र शासन के राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक ललिता यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान गौतम, लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी पंकज अहिरवार, भाजपा नेता संजय रिछारिया, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, नंदिता पाठक, भरत पाठक, उमेश शुक्ला सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### इस बार झांकियों में दिखा नया उत्साह

श्रीरामनवमीं की इस शोभायात्रा में इस वर्ष 30 से ज्यादा झांकियां इस शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण बनीं। शोभायात्रा का प्रारंभ प्रताप नवयुवक संघ एवं अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा तैयार किए गए शौर्य नृत्य कलाकारों के शानदार नृत्य के साथ हुआ। लगभग एक हजार कलाकारों ने तलवार नृत्य, डांडिया नृत्य, झांझ नृत्य, ढोल नृत्य के साथ अनूठी वेशभूषा में अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इन कलाकारों के उपरांत प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमा चल रही थी। भगवान गणेश की प्रतिमा के बाद विभिन्न समाजों के द्वारा भी अपनी झांकियां निकाली गईं। इनमें जैन समाज के द्वारा आचार्य विद्यासागर जी की झांकी, नामदेव समाज के द्वारा संत नामदेव जी की झांकी, सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल की झांकी प्रमुख आकर्षण रहीं। इस वर्ष गायत्री मंदिर के द्वारा भगवान के रथ के आगे एक हवन कुण्ड भी निकाला गया जिसमें निरंतर हवन चलता रहा और इस झांकी के माध्यम से यज्ञ हवन का महत्व बताया गया। इसके अलावा ब्रहकुमारी बहनों के द्वारा भी अनूठी झांकी निकाली गई। भगवान लड्डू गोपाल की झांकी भी पहली बार शोभायात्रा में शामिल हुई, यह झांकी प्रभु श्रीराम के रथ के आगे चल रही थी। मलखम्भ के युवा खिलाडिय़ों ने जहां चलित झांकी पर ही अपने शौर्य का प्रदर्शन किया तो वहीं अयोध्या में निर्मित प्रभु राम की प्रतिमा के स्वरूप में ही एक झांकी पर अयोध्या के राम शोभायात्रा में शामिल हुए। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह और उनकी टीम के द्वारा भगवान राम के रथ के आगे पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### जगह-जगह हुआ स्वागत, आसमान में लहराए भगवा झण्डे



श्रीराम सेवा समिति ने इस वर्ष भगवान के रथ खींचने के लिए सनातन के सभी समाजों को अवसर दिया था। इन्हें बारी-बारी से पूरे मार्ग में रथ खींचने का अवसर मिला। कांग्रेस ने अपने कार्यालय के बाहर शोभायात्रा में शामिल भक्तों को मीठा शरबत पिलाया तो वहीं अधिवक्ता संघ ने छत्रसाल चौराहे पर रामभक्तों का जलपान के साथ स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में भी गर्मजोशी के साथ रामभक्तों का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में इस वर्ष एक हजार से ज्यादा भगवा पताका हवा में लहराते नजर आए तो वहीं भगवान हनुमान के स्वरूप में भी अनेक भक्तों ने भक्तिपूर्ण प्रस्तुति दी।

## खबर संक्षेप

### बिलाबॉग स्कूल विद्यार्थियों के बैग तथा बढ़ी हुई फीस करेगा समायोजित

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी निजी स्कूल संचालकों को इस वर्ष फीस में किसी तरह की वृद्धि न करने तथा फीस की राशि के संबंध में सभी को सूचना देने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने बताया कि सभी निजी स्कूल संचालकों द्वारा फीस की पूरी जानकारी डीपीआई पोर्टल पर दर्ज कराई जा रही है। जिन स्कूलों ने फीस की राशि बढ़ाकर विद्यार्थियों से वसूली की है उनकी राशि समायोजित कराई जा रही है। बिलाबॉग स्कूल के संचालक आशीष काकवानी ने लिखित में सूचना दी है कि विद्यार्थियों से ली गई स्कूल बैग की राशि तथा बढ़ी हुई फीस समायोजित कर दी जाएगी। स्कूल द्वारा सत्र 2023-24 में जितनी फीस ली गई थी उतनी ही फीस सत्र 2024-25 में ली जाएगी। स्कूल के सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को इसकी सूचना दे दी गई है। बिलाबॉग स्कूल विद्यार्थियों से ली जाने वाली फीस के संबंध में शासन द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पूरी तरह से पालन करेगा।

### पुलिस ने गंभीर वारदात की फिराक में घूम रहे बदमाश किया गिरफ्तार

रीवा। जिले के गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल को हमराह स्टाफ SI सुशील सिंह के मुख़बिर की सूचना पर डीही स्टैंड के पास अवैध चाकू लिए घूम रहा आरोपी कुलदीप पटेल उर्फ लल्लू उर्फ छोटा डॉन पिता तिलकधारी पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी डीही थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के पास एक लोहे का धारदार चाकू लिए घूमते पाए जाने पर से थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 107/2024 धारा 25-B आर्म्स एक्ट कायम कर गिरफ्तार किया है वही पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया ।
फोटो क्रमांक 07 संलग्न हैं।

### मॉकपोल के बाद शुरू होगा वास्तविक मतदान

रीवा। रीवा और मऊगंज के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के लिए व्हीव्हीपैट ईव्हीएम का उपयोग किया जा रहा है। वास्तविक मतदान शुरू होने से 90 मिनट पहले मॉकपोल कराया जायेगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि सभी पीठासीन अधिकारी प्रातः 7 बजे वास्तविक मतदान शुरू होने से पहले मॉकपोल या दिखावटी मतदान की प्रक्रिया पूरी करेंगे। ईव्हीएम को वोटिंग के लिए तैयार करके उम्मीदवारों के एजेंटों की उपस्थिति में प्रत्येक उम्मीदवार के नाम के सामने के बटन से एजेंटों से मतदान करायें। मतदान पूरा होने के बाद कुल मत पत्रों का योग तथा परिणाम एजेंटों को दिखायें। इसके बाद सभी मत क्लियर करके कंट्रोल यूनिट को वास्तविक मतदान के लिए सील बंद करें। मॉकपोल में दर्ज मत वास्तविक मतदान से पहले आवश्य क्लियर कर दें। मॉकपोल की प्रक्रिया एक घण्टे पहले प्रारंभ होगी। अगर पोलिंग एजेंट समय पर उपस्थित नहीं होते हैं तो 10 मिनट प्रतीक्षा करके मतदाताओं की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया पूरी करायें। समय पर समस्त कार्यवाहियां पूरी करके प्रातः 7 बजे वास्तविक मतदान के लिए मशीनें तैयार कर दें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग एजेंटो से मॉकपोल के समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### धूमधाम से मनाया चैत्र रामनवमीं पर्व

बुढ़ार। शहडोल रोड़ पर स्थित मां रामेश्वरी धाम कटकोनी में बुधवार को चैत्र नवरात्र के अंतिम दिवस रामनवमी को सुबह मां जगदम्बा का विशेष श्रृंगार के उपरांत कन्या पुजन एवं कन्या भोज,हवन के बाद श्री राम जन्मोत्सव बाजें गाजें के साथ मां रामेश्वरी को छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

# रामनवमीं के उपलक्ष में चिरहुला मंदिर में चढ़ाई 21 फीट लंबी ध्वजा

रीवा के प्रसिद्ध चिरहुलानाथ हनुमान मंदिर में राम नवमी के पर्व पर विशेष पूजा-आराधना का क्रम लगातार जारी रही जहां बुधवार दिन भर भंडारे का क्रम चलने वाला है।

रीवा ।




दोपहर 1 बजे चिरहुलानाथ हनुमान को 21 फीट लंबी ध्वजा चढ़ाई गई है। जिसे मंदिर के शिखर पर लगाया जाएगा। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ इस ध्वजा को अर्पित किया गया। मंदिर में दिन भर सुंदर कांड और राम चरितमानस का पाठ जारी रहने वाला है।मंदिर के पुजारी पंडित गोकर्ण ने बताया कि सुबह 4 बजे से ही भक्तों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई। वहीं मंदिर के पट सुबह 4:30 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। चिरहुलानाथ मंदिर एक ऐसा मंदिर है जहां केवल रीवा के ही लोग नहीं बल्कि पूरे विंध्य के लोग दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। जिस वजह से सुबह से ही मंदिर में सैकड़ो लोगों की भीड़ बनी हुई है। रीवा शहर के सिरमौर चौराहे में रामनवमी के उपलक्ष्य में भगवान राम की प्रतिमा रखी गई है। जहां शाम को विशेष आरती की गई वहीं नवरात्रि का आखिरी दिन होने की वजह से जगह-जगह पर कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। जहां घरों में रामनवमी के दिन कन्याओं को नव दुर्गा का रूप मानकर पूरे विधि-विधान से भोजन कराया गया।

## द्वारिका नगर के दुर्गा मंदिर में कन्या पूजन पश्चात नवरात्रि का हुआ परायण

रीवा । स्थानीय द्वारिका नगर दुर्गा मंदिर रीवा में चैत्र नवरात्रि का परायण कन्या पूजन, कन्या भोज से किया गया। दुर्गा मंदिर के मुख्य पुजारी कमलनाथ पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 9 अप्रेल 2024 से हुआ जिसका परायण 17 अप्रेल 24 को मॉ दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना, कन्या पूजन एवं कन्या भोज से किया गया। मॉ दुर्गा मंदिर के संस्थापक नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कन्या पूजन कर कन्याओं का आर्शीवाद प्राप्त किया। कमल पाण्डेय ने आगे बताया कि 9 अप्रेल से मां के मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा विशेषकर सप्तमी एवं अष्टमी को भक्तों ने मॉ का आर्शीवाद प्राप्त किया।



## गांवों में घूम रहा प्रचार रथ - मतदाताओं को मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित



रीवा । लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रचार रथ गांवों में घूम-घूम कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रचार रथ द्वारा भैंसहाई गांव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गत 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं का डाकमत पत्र से मतदान होगा दो दिन

### घर से मतदान कराने के लिए 67 दल तैनात
### 18 और 19 अप्रैल को होगा मतदान

रीवा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 साल से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। इन्हें डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। जिन दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं ने निर्धारित प्रपत्र में डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा के लिए आवेदन किया है उन्हें घर-घर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल को डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जिले भर में 67 दल तैनात किए गए हैं। इनकी तैनाती विधानसभावार की गई है। मतदान कराने के लिए दल 18 अप्रैल को सुबह 6 बजे सहायक रिटर्निंग आफीसर कार्यालय से रवाना होंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि घर-घर जाकर मतदान कराने के लिए जाने वाले मतदान दल में पीठासीन अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, वीडियोग्राफर और सुरक्षा कर्मचारी शामिल रहेंगे। सभी सेक्टर आफीसर भी मतदान के समय उपस्थित रहेंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मतदान की गोपनीयता बनाए रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार घर से मतदान संपन्न कराएं। यदि कोई चिन्हित मतदाता प्रथम दिवस घर पर नहीं मिलता है तो उसके घर पर मतदान की सूचना देकर अगले दिन पुनः जाकर मतदान कराएं। दूसरे दिन भी यदि मतदाता अनुपस्थित रहता है तो पंचनामा बनाकर प्रतिवेदन तैयार करें। मतदान पूरा कराने के बाद सभी दल सहायक रिटर्निंग आफीसर को मतपेटी जमा करेंगे। सहायक रिटर्निंग आफीसर इसे स्ट्रांग रूम में संधारित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। दिव्यांगों तथा बुजुर्ग मतदाताओं से मतदान कराते समय उनके अच्छे फोटोग्राफ्स लेकर निर्वाचन के ग्रुप में उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी दल पूरी सजगता से निर्वाचन कार्य संपन्न करायें।

## बेटी और मां से हुई दुष्कर्म की वारदात महिला थाना में शिकायत दर्ज

रीवा





जिले में मां और बेटी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत महिला ने महिला थाने में दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने थाने के शिकायत पत्र में बताया कि उसकी शादी सतना में हुई थी। उसके पहले पति ने दूसरी शादी कर ली । जिसके बाद महिला के संबंध शिवम द्विवेदी के साथ बने। जो कि उत्तर प्रदेश के माधवगढ़ का रहने वाला है। 7 सालों से दोनों के बीच संबंध हैं। लेकिन एक दिन महिला ने शिवम को नाबालिग बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद वो मामले की शिकायत लेकर महिला थाने पहुंची । वही महिला सेमरिया थाना क्षेत्र से की रहने वही है महिला की शिकायत के पुलिस ने 376, एससी-एसटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

### इनका कहना है

सेमरिया थाना अंतर्गत रहने वाली महिला ने शिकायत किया था महिला की शिकायत के अनुसार मामला कायम किया गया है मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। आरोपी उत्तर प्रदेश का रहने वाला वाला है जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी ।

**निशा मिश्रा महिला थाना प्रभारी रीवा**

## पुलिस कर्मी ने थाने के ग्रुप में फॉरवर्ड किया भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का मैसेज




### एसपी ने किया लाइन अटैच

रीवा

रीवा जिले के सेमरिया थाने के एक उप-निरीक्षक ने थाने के ग्रुप में भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का मैसेज डाल दिया। इस मैसेज का स्क्रीन शाट सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो गया। एसपी ने उप-निरीक्षक लाइन अटैच कर जांच के आदेश जारी किए हैं। सेमरिया थाने में पदस्थ उप-निरीक्षक पीएन सतनामी ने अपने थाने के ग्रुप में एक मैसेज पोस्ट किया था, जिसमें जनार्दन मिश्रा को वोट देकर भाजपा को पुनः विजयी बनाने का संदेश था। उनके इस मैसेज का स्क्रीन शाट वायरल हो गया जो अधिकारियों के संज्ञान में आ गया। एसपी ने मामले की प्राथमिक जांच में लापरवाही सामने आने पर उपनिरीक्षक को लाइन अटैच कर दिया है। वही मिली जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक काफी समय से सेमरिया थाने में ही पदस्थ था और राजनीतिक गतिविधियों में भी संलिप्त हो गए थे ।

### डभौरा थाने के तीन आरक्षक लाइन अटैच

डभौरा थाने में पदस्थ तीन आरक्षकों को भी एसपी ने लाइन अटैच किया है। ये आरक्षक काफी समय से पदस्थ थे और विभागीय कार्यों में लापरवाही के साथ इनके पैसा लेने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। मंगलवार को एसपी ने आरक्षक अरविंद यादव, आरक्षक रमेश, आरक्षक भूपेश सिंह को थाने से हटाकर लाइन अटैच कर दिया है।

## मतदाता पर्ची का किया जा रहा वितरण



रीवा

लोकसभा निर्वाचन में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके लिए 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 18 लाख 52 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मतदान की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मतदाता को क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची बीएलओ के माध्यम से वितरित की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदाता मतदान करने के लिए प्राप्त पर्ची के साथ ईपिक कार्ड अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र में से किसी एक का उपयोग करके मतदान कर सकेंगे। केवल मतदाता पर्ची से मतदान की सुविधा नहीं मिलेगी। मतदाता पर्ची से मतदाता को सरल क्रमांक की जानकारी प्राप्त होगी। कलेक्टर ने सभी रिटर्निंग आफीसरों को बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्चियों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### मिलेगी मतदान की सुविधा

रीवा ! लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिस व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में है तो उसे मतदान का अवसर दिया जाएगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता पर्ची बीएलओ द्वारा दी जाएगी। यदि किसी कारणवश मतदाता पर्ची प्राप्त नहीं होती है तो भी मतदान की सुविधा मिलेगी। सभी मतदाता अपने इपिक कार्ड (मतदाता पहचान पत्र) के साथ मतदान केन्द्र में सरलता से मतदान की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यदि इपिक कार्ड नहीं है तो भी निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के फोटोयुक्त पहचान पत्र में से किसी एक के आधार पर मतदाता मतदान कर सकता है। सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

## राजस्व विभाग में बैठे भ्रष्टाचारियों को करना था सलाखों के पीछे

### कलेक्टर ने भगाया घर

रीवा

नौ साल तक शासन की आंखो में धूल झोंक कर सरकार से वेतन लेने वाले एसडीएम एवं तहसील कार्यालय में बैठे भ्रष्ट कर्मचारियों पर कलेक्टर ने रहम बरसा दी। उनके विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर सलाखों के पीछे करने के बजाय उनसे कुर्सी छीन कर घर में बैठा दिया। कलेक्टर ने इतना जरुर आदेशित किया है कि इन नौ सालों में जो वेतन इन्होने शासन से उठाये है उनकी वसूली की जाये। लेकिन इस बात पर कलेक्टर ने विचार नहीं किया कि यदि इनको कानूनी सजा नहीं मिली तो फिर से कोई बर्खास्तशुदा कर्मचारी शासन की आंखो में धूल झोंक कर इस घटना की पुनरावृत्ति कर सकता है। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय के संज्ञान में आने पर मा. न्यायालय ने रीवा कलेक्टर को तलब कर सिरमौर तहसील प्रांगण के एसडीएम कार्यालय में बैठे लिपिक सत्येंद्र सिंह एवं तहसील कार्यालय में बैठे लिपिक राजेश कुमार पांडेय के भ्रष्ट आचरण एंव तत्कालीन कलेक्टर एम गीता द्वारा किये गये निर्णय पर भी कार्यरत होने पर जबाव मांगा था। कलेक्टर ने शपथ पूर्वक जवाब दिया कि दोनो ही कर्मचारियों ने अपनी बर्खास्तगी शासन से छुपाई जो उनके संज्ञान में नहीं आई। संज्ञान में आते ही दोनो को कार्यमुक्त करते हुए बर्खास्तगी आदेश से अब तक शासन से जो वेतन उठाया उसे वसूली किये जाने नोटिस दे दी गई है। उक्त कार्रवाही करने के पूर्व दोनो को नोटिस के जरिये जवाब मांगा गया था लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं था।

### अधिवक्ता राजेश सिंह ने उच्च न्यायालय के संज्ञान में लाया था मामला

बताते चले कि राजस्व कार्यालय सिरमौर में पदस्थ लिपिक राजेश कुमार पांडेय एवं सत्येद्र सिंह के बर्खास्तगी के बाद भी अपनी कुर्सी में जमे रहने का मामला सिरमौर न्यायालय के अधिवक्ता राजेश सिंह ने उच्च न्यायालय के संज्ञान में लाया था। बताया था कि दोनो को ही जांच में दोषी पाये जाने पर तत्कालीन कलेक्टर एम गीता ने बर्खास्त कर दिया था। उनके आदेश के विरुद्ध दोनो भ्रष्टाचारी उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाये थे लेकिन वहां से भी उनको राहत नहीं मिली थी। उसके बावजूद भी दोनो लिपिक राजस्व कार्यालय में बैठ कर भ्रष्टचार को अंजाम दे रहे है, जिसमें अधिकारियों का भी बराबर का हिस्सा निकालते हैं।

### ईओडब्लू या लोकायुक्त से करवाये जांच, कई अधिकारी होंगे बेनकाब

अधिवक्ता राजेश सिंह का कहना है कि उक्त मामले की निष्पक्ष जांच ईओडब्लू या फिर लोकायुक्त से करवाई जाये तो कई राजस्व अधिकारियों के नाम सामने आ जायेगे। साथ ही इस बात की भी जानकारी लग जायेगी कि दोनो ही भ्रष्टाचारी लिपिको ने किस कदर से मुवक्किलों का आर्थिक शोषण कर मालामाल हो गये। अधिवक्ता राजेश सिंह ने कहा कि तत्कालीन कलेक्टर एम गीता द्वारा भ्रष्ट आचारण के दोनो लिपिको के विरुद्ध जांच करवाई, दोषी पाये जाने पर बर्खास्त किया, हाईकोर्ट से भी उनको राहत नहीं मिली। ऐसे में सवाल यह उठता है कि सिरमौर राजस्व विभाग में बैठे अधिकारियों को क्या इस बात की जानकारी नहीं थी? यदि थी तो दोनो को घर में बैठाने के बजाय अपने कार्यालय की मालदार कुर्सी पर क्यों बैठा रखा था? अधिवक्ता राजेश सिंह ने कहा कि इस मामले की तह तक जाये तो कई बड़े राजस्व अधिकारियों के गिरेबां पर कानूनी शिंकजा पड़ जायेगा।

## मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में पूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान केन्द्र के अंदर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट तथा कैमरे का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 132 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान केन्द्र में केवल निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफीसर तथा पीठासीन अधिकारी ही आवश्यकता होने पर मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे। मतदाता तथा अन्य व्यक्ति मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन लेकर न आएं। मोबाइल फोन के साथ मतदान केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया कर्मियों को प्राधिकृत पत्र जारी किये गये हैं। इस प्रवेश पत्र के साथ ही मीडिया कर्मी मतदान परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी के निर्देशों के अनुसार ही कार्य संपादन की अनुमति होगी। मीडिया कर्मी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कव्हरेज करते समय किसी भी स्थिति में मतदान की गोपनीयता भंग न हो तथा मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। मीडिया कर्मी मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि के बाहर ही किसी व्यक्ति या मतदाता का इंटरव्यू ले सकेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का पालन करते हुए सभी पत्रकार निर्वाचन कार्य का कव्हरेज करेंगे।